प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

30 दिसंबर 2022

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – नवंबर 2022

नवंबर 2022[1] माह के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (वर्ष-दर-वर्ष) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में नवंबर 2022 में 17.6 प्रतिशत की संवृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 7.1 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में नवंबर 2022 में 13.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि एक वर्ष पहले यह 10.9 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में नवंबर 2021 में 3.4 प्रतिशत की तुलना में नवंबर 2022 में 13.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई। आकार के अनुसार, बड़े उद्योग को प्रदत्त ऋण में एक वर्ष पहले के 0.6 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 10.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले वर्ष के 37.4 प्रतिशत की तुलना में नवंबर 2022 में 29.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 19.6 प्रतिशत (एक वर्ष पहले 15.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पाद', 'रसायन और रासायनिक उत्पाद', 'निर्माण', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पाद', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि नवंबर 2022 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बढ़ी। हालांकि, 'रत्न और आभूषण', 'खनन और उत्खनन', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पाद' एवं 'कपड़ा' की ऋण संवृद्धि में कमी/गिरावट आई।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में नवंबर 2022 में 21.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक वर्ष पहले यह 3.2 प्रतिशत थी, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफसी', 'वाणिज्यिक स्थावर-संपदा' और 'व्यापार क्षेत्रों' द्वारा ऋण उठाव में सुधार के कारण था।

---

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- वैयक्तिक ऋण नवंबर 2022 (एक वर्ष पूर्व 12.6 प्रतिशत) में 19.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ा, जो मुख्यतः 'आवास' और 'वाहन ऋणों' द्वारा प्रेरित था।

रूपांबरा

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1465

निदेशक (संचार)